# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

## पीठासीन अधिकारी : – अजीत सिंह राठौड़ (RAS) उपखण्ड अधिकारी

प्रार्थनापत्र संख्या :– 40/2024 दायर तारीख 27.02.2024

अनवान

1. सीता देवी पत्नि नंदलाल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी थडौदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा राज।

........... प्रार्थीयां

बनाम

1. भुमिधारी जरिये तहसीलदार, तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा राज.। बाई
2. शान्ति पत्नि जीतमल जाति मीणा उम्र वयस्क निवासी बिजौलियां खूर्द तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज।
3. हरिशंकर पुत्र भगवानलाल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी छोटा थडौदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज। नार
4. नारायण पुत्र रतना जाति भील उम्र वयस्क निवासी थडौदा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज।

.......... विपक्षीगण

उपस्थित :– श्री पंकज कुमार धाकड़ – अधिवक्ता प्रार्थीयां।

**प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 131–136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम**

**–: निर्णय :–**

दिनांक : 08/10/2025

प्रार्थनापत्र के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीयां ने जरिये अधिवक्ता एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत **धारा 131–136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम** के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया की प्रार्थीया के नाम पर मौजा थडौदा प0ह0 थडौदा तहसील बिजौलियां में खाता संख्या 71 पर आ0न0 46/3 रकबा 0.8094 हैक्टेयर भुमि स्थित है। उक्त भुमि के मालीकाना हक के सम्बन्ध मे कोई विवाद नही है एवं नही किसी न्यायालय मे कोई विवाद जैर पेण्डिग है। प्रार्थीया ने अपनी आराजी सख्या 46/3 की दिनांक 17.10. 2023 को पत्थर गढी करवाई तो सम्बन्धित पटवार हल्का पटवारी के द्वारा प्रार्थीया की आराजी का नाप किया तो उनके द्वारा जानकारी दी गई प्रार्थीया की आराजी का रकबे व कब्जे के अनुपात में नक्से मे तरमीम सही नही होकर के नक्सा छोटा है, राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी व मौके पर कब्जे के हिसाब से भुमि का रकबा 0.8094 हैक्टेयर है परन्तु आराजी सख्या 46/3 के राजस्व नक्से मे खातेदारी भुमि का पुरा रकबा नही बैठ रहा है नक्सा रकबे के अनुपात मे छोटा है। खातेदार प्रार्थीया जमाबन्दी मे दर्ज रकबे के अनुसार मौके पर काबिज होकर के काश्त कर रहे है मौके पर कब्जे को लेकर के कोई विवाद नहीं है केवल जमाबन्दी मे दर्ज रकबे के अनुपात मे भुमि नक्से मे तरमीम नही है, राजस्व नक्से में जमाबन्दी मे दर्ज रकबे के अनुपात में भुमि तरमीम किया जाना न्यायोचित, तर्क संगत व आवश्यक है।

लगातार पेज संख्या 02 पर

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा

प्रार्थीयां का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमा कर मौजा थडौदा पटवार हल्का थडौदा खाता संख्या 71 पर आ0न0 46/03 रकबा 0.8094 हैक्टेयर को राजस्व नक्से मे राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी मे दर्ज खातेदारी के अनुपात से दुरूस्त कर बराबर तरमीम किये जाने का आदेश फरमाया जावे।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया जाकर विपक्षीगण की तलबी जरिये नोटिस मय नकल प्रार्थना भेज करवायी गई।

प्रकरण में पत्रांक/रीडर/2024/1657 दिनांक 09.09.2024 द्वारा तहसीलदार बिजौलियां से रिपोर्ट ली गयी।

तहसीलदार बिजौलियां ने पत्रांक/राजस्व/2025/955 दिनांक 09.06.2025 की रिपोर्ट में अंकित किया कि भू0अ0नि0 बिजौलियां खुर्द एवं पटवारी हल्का थडोदा द्वारा मौका पर्चा अनुसार ग्राम थडोदा के आ0नं0 46/3 रकबा 0.8094 है0 भूमि का राजस्व रेकार्ड एवं मौका निरीक्षण किया गया। उपलब्ध राजस्व रेकार्ड व नक्शा लट्ठा में उक्त आराजी की तरमीम का परीक्षण किया गया। तरमीम की गुणिया व कंधी से रकबा बरारी की गई। नक्शा लट्ठा में उक्त आराजी की तरमीम 0.8094 है0 के स्थान पर 0.6191 है0 ही पायी गयी। जो जमाबन्दी में दर्ज रकबे 0.8094 है0 के मुकाबले 0.1903 है0 तरमीम कम है। भूमि आवंटन से राजस्व रेकार्ड में दर्ज हुई है। आ0नं0 46/3 के राजस्व नक्शा लट्ठा अनुसार दर्ज तरमीम अनुसार आराजी के पूर्व, पश्चिम व दक्षिण दिशा में अन्य आवंटियो को भूमि आवंटन होकर नक्शे में तरमीम है। आराजी नं0 46/3 के उत्तर दिशा में बिलानाम आ0नं0 46 रकबा 4.3625 है0 भूमि स्थित है। जिसमें उक्त कम तरमीम 0.1903 है0 को बढाया जाता है तो वादिया के जमाबन्दी में दर्ज रकबे 0.8094 है० के मुकाबले सही तरमीम की जा सकती है। मौके पर किसी प्रकार की कोई आपति नही पायी गयी है। सलंग्न नक्शा ट्रेस में इसे लाल स्याही से दर्शायी गयी है। मौका पर्चा, जमाबन्दी नकल व नक्शा ट्रेस की प्रति सलंग्न है।

प्रार्थीगण ने अपने प्रार्थना पत्र के साथ मौजा ग्राम थड़ौदा पटवार हल्का थड़ौदा की नकल जमाबन्दी संवत 2073–2076, नक्शा ट्रेस आ0नं0 46/3 रकबा 0.8094 हैक्टेयर की प्रति संलग्न की हैं।

अधिवक्ता प्रार्थीया की एक पक्षीय बहस सुनी गई हमने पत्रावली का अवलोकन किया। बहस के दौरान अधिवक्ता प्रार्थीया द्वारा मौजा ग्राम थड़ौदा पटवार हल्का थड़ौदा स्थित खाता संख्या 71 पर आ0न0 46/3 रकबा 0.8094 हैक्टेयर भूमि को राजस्व नक्से मे राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी मे दर्ज खातेदारी के अनुपात से दुरूस्त कर बराबर तरमीम राजस्व रेकॉर्ड में दर्ज कराना चाहा हैं।

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा

**उप खण्ड अधिकारी**
**बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा**

लगातार पेज संख्या 03 पर

अतः तहसीलदार बिजौलियां की रिपोर्ट, मौजा ग्राम थड़ौदा पटवार हल्का थड़ौदा स्थित खाता संख्या 71 पर आ0न0 46/3 रकबा 0.8094 हैक्टेयर भुमि को राजस्व नक्से में राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी मे दर्ज खातेदारी के अनुपात से दुरूस्त कर बराबर तरमीम राजस्व रेकॉर्ड में दर्ज किया जाना उचित हैं।

## –: आदेश :–

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत **धारा 131–136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम** स्वीकार किया जाकर मौजा ग्राम थड़ौदा पटवार हल्का थड़ौदा स्थित खाता संख्या 71 पर आ0न0 46/3 रकबा 0.8094 हैक्टेयर भुमि को राजस्व नक्से में राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी मे दर्ज खातेदारी के अनुपात से दुरूस्त कर बराबर तरमीम राजस्व रेकॉर्ड में दर्ज किये जाने का आदेश दिया जाता हैं।

आदेश आज दिनांक 08/10/2025 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(अजीत सिंह राठौड़)
उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियां

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला–भीलवाड़ा